HINDUSTAN, LUCKNOW
Wednesday, November 10, 2010

आईटी क्योशेंट में लखनऊ तीसरे पायदान पर

कोलकाता व बंगलुरु से कुछ ही पीछे है अपना शहर: जयंत कृष्णा

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ

आईटी क्योशेंट के मामले में लखनऊ के छात्र देश में तीसरा स्थान रखते हैं। पहले स्थान पर कोलकाता और दूसरे स्थान पर बंगलुरू है। लखनऊ की युवा पीढ़ी की सूचना प्रौद्योगिकी के मामले में समझ पिछले पाँच साल में काफी बेहतर बनी है और उसने पुणे, दिल्ली व मुम्बई को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है। यह जानकारी टीसीएस के क्षेत्रीय प्रमुख जयंत कृष्णा ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि टीसीएस की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत 'टीसीएस आईटी विज-10' का रीजनल राउण्ड 16 को लखनऊ में होगा। प्रतियोगिता में यूपी उत्तराखण्ड के करीब एक हजार छात्रों की पाँच सौ टीमें भाग लेंगी। संचालन क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमण्यम 'पिकब्रेन' करेंगे।

जयंत कृष्णा ने बताया कि टीसीएस पिछले 11 साल से आईटी विज करा रहा है। लखनऊ में यह प्रतियोगिता पाँच साल से हो रही है। जब यहाँ पहली बार प्रतियोगिता हुई तो छात्रों का आईटी क्योशेंट काफी नीचे था लेकिन अब इसमें काफी बदलाव आ चुका है। पिछले साल हुई प्रतियोगिता के विश्लेषण के बाद लखनऊ का आईटी क्योशेंट देश भर में तीसरे नम्बर पर पाया गया। आईटी विज में कक्षा आठ से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। एक संस्था दो-दो की टीम में कई टीमें भेज सकती हैं। एक टीम में दो छात्र होंगे। संत गाडगे प्रेक्षागृह में स्पर्धा के क्षेत्रीय राउण्ड का फाइनल होगा। विजेता टीम के दोनों सदस्यों को एक-एक लैपटॉप व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को नेटबुक्स दी जाएँगी।

रजिस्ट्रेशन 12 तक

■ जयंत कृष्णा ने बताया कि इस बार आईटी विज में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा दी गई है। जिन लोगों ने अभी रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे 12 नवम्बर तक करा सकते हैं। इसके लिए www.tcstwiz.com पर लॉगऑन कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए समन्वयक संकल्प शर्मा से फोन 0522-6661132 व 9235620529 पर सम्पर्क कर सकते हैं